# मानव मन्दिर



BANSWADA

ीर लायब्रेरी चैरीटेबल ट्रस्ट

सुतैहरी रोड, होशियारपुर

द्वारा अमूल्य भेंट

रम सन्त परम दयाल पं. फकीर चन्द जी महाराज

## FORM I

(See Rule 8)

| | |
|---|---|
| Place of Publication | Hoshiarpur. |
| Date of Publication | 10th of every month |
| Periodicity of publication | Monthly |
| Printer's Name | Ravi Nanda |
| Nationality | Indian |
| Address | Manavata Mandir, Hoshiarpur. |
| Editor's Name | Ravi Nanda |
| Nationality | Indian |
| Address | Manavata Mandir, Sutehti Road, Hoshiarpur. |
| Name and address of individuals, who own the Manav Mandir or partners or shareholders, holding more than one percent of the total | Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur. |

I, Ravi Nanda hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : 10 Signature of Publisher

Printed and Published by : Ravi Nanda at Shiv Dev Rao Press, Manavta Mandir, Hoshiarpur for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

**मानवता मन्दिर होशियारपुर में अगला मासिक सत्संग**

14-2-93 प्रात: ८-30 बजे होगा। 5 बजे सायं : निवास श्री देशराज शर्मा, नं. 872 सैक्टर 7, पञ्चकुल्ला निकट



**Param Sant Param Dayal**
**Pt. Faqir Chand Ji Maharaj**

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL



Param Sant Manav Dayal
Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj

मासिक---

# मानव मन्दिर

विश्व में मानव मात्र के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कल्याण और विकास की सेवा में संलग्न मासिक पत्र।

BE MAN

मनुष्य बनो

सम्पादक :
श्री रवि नन्दा



| वर्ष 19 | सोमवार 11 जनवरी, 1993 | संख्या 9 |
|---|---|---|

# मौत और ज़िन्दगी

## परमसन्त पूर्णधनी मालिके कुल हज़ूर परमसंत दाता दयाल महर्षि शिवब्रत लाल जी महाराज

## सत्संग वैदिक धर्म की नज़र से

(राधास्वामी धाम जुलाई 4, 1930)

जो मरता है, वही जीता है और जो जीता है, वही मरता है। मरना और जीना दोनों प्रकृति में साथ-साथ चलते हैं और एक दूसरे के साथी हैं। मौत के बिना ज़िन्दगी नहीं और ज़िन्द ी के बिना मौत नहीं। जीना मरने की निशानी है और मरना जीने की शान है। जो मरता नहीं, उसे ज़िन्दगी का कोई अधिकार नहीं और जो जीता नहीं उसे मरने के स्वाद का पता नहीं चल सकता।

ज़िन्दगी और मौत दोनों ही रसीली हालतें हैं। यह सोचना कि इनमें से एक हालत अच्छी है और दूसरी बुरी, बिलकुल ही ग़लत है। अगर स्वाद और खुशी है, तो दोनों में ही है अगर नहीं तो किसी में भी नहीं है। मेरा विचार है कि लज़्ज़त से खाली एक भी नहीं।

हम मरने के लिए जीते हैं, और जीने के लिए मरते हैं। यदि जीवन कर्म के लिए है, तो मौत कर्म के भोग भोगने के लिए। हर काम के बाद आराम की हालत आती है, इसलिए ही तो काम करने के बाद, हर एक व्यक्ति को आराम करने की इच्छा होती है, आराम करने की सूझती है। जिन्दगी में इसलिए जब आदमी काम करते करते थक जाता है, तो उसे आराम के लिए मौत की ज़रूरत पड़ती है, क्योंकि मौत आराम तथा आनन्द की हालत है।

जिन्दगी और मौत के बीच जो अन्तर हमको दिखाई देता है वह यह है कि जिन्दगी में मशहूरी, काम में लगाव और हलचल होती है, जबकि मौत में, बेख़बरी, बेकारी और सुनसान होता है, हलचल नहीं होती। परन्तु दोनों का ही होना ज़रूरी है। इस बात पर पूरा - 2 ध्यान देने से ही समझ में आ सकेगा कि मौत क्या है और मौत का मतलब क्या है।

जिन्दगी को ज़ाहिर करने के लिए जिन्दगी और मौत दोनों का ही होना ज़रूरी है। जिन्दगी और मौत एक दूसरे के उलट हैं, परन्तु ऐसा होते हुए भी, दोनों का होना ज़रूरी है। यदि मौत न हो तो जिन्दगी जिन्दगी नहीं कहलाएगी और यदि जिन्दगी न हो तो मौत कैसे आएगी? प्रकाश के साथ छाया और विष के साथ अमृत लगा रहता है। कहने का मतलब यह है कि जिन्दगी की कोई भी अवस्था ऐसी नहीं है, जो अपनी उलट हालत से ख़ाली हो। उन उलट हालतों का ज्ञान भी जिन्दगी में ही होता है। अगर जिन्दगी कोई चीज़ है, तो उसका उलट मौत है और मौत का ज्ञान भी हमको जिन्दगी में ही होता है, मौत में मौत का ज्ञान

नहीं होता।

ज़िन्दगी द्वन्द्व के ज्ञान की हालत का नाम है और मौत द्वन्द्व के गुम होने का नाम है। संसार में जो कुछ भी तकलीफें होतीं हैं वे सब द्वन्द्व के ही कारण से होती हैं। मौत में,द्वन्द्व के गुम हो जाने के कारण किसी को भी दु:ख का ज्ञान नहीं होता। इससे तो यही साबित होता है कि मौत खुशी की हालत है, जिसमें इन्सान तमाम दु:ख और मुसीबतें भूल जाता है। ज़िन्दगी तो खुशी का अंशमात्र ही है, ज़िन्दगी में अगर खुशी मिलती है, तो टुकड़े - २ होकर मिलती है, पूरी तरह से नहीं मिलती। संसार में पूर्ण ख़ुशी तो आज तक किसी को भी ज़िन्दगी में रहते हुए नहीं मिली और न कभी मिलेगी। यह प्रकृति का अटल नियम है यदि पूर्ण खुशी किसी को मिलती है या मिल सकती है, तो वह केवल मौत की हालत में ही सम्भव है।

ज़िन्दगी में याद-दाश्त की ताकत प्रबल रहती है और ज्ञान आर अज्ञान सुख, दु:ख, घृणा और प्यार, सबकी याद दिलाती रहती हैं। मौत में यह हालत नहीं होती। मौत में, न कहीं याद-दाश्त की ताकत होती है और न ही द्वन्द्व का ज्ञान रहता है। ये सब समाप्त हो जाते हैं। इन बातों से यह सिद्ध होता है कि मौत कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिससे इन्सान को घबराना या डरना चाहिए और उससे बचकर रहना चाहिए।

ज़िन्दगी चूंकि द्वन्द्व के ज्ञान का दायरा है, इसलिए उसके प्रगट करने की दो हालतें हैं। एक का नाम लोक है और दूसरे का नाम परलोक। यह 'लोक' शब्द संस्कृत धातु (देखने)

से निकला है। जो चीज़ देखी जाय, देखने में आए, देखी जाती है और देखने में आ सकती है, उसका नाम लोक है। लोक की दो हालतें हैं---एक जाग्रत और दूसरी स्वप्न। जाग्रत स्थूल और स्वप्न सूक्ष्म है। दोनों हालतों में जाग्रत और स्वप्न का ज्ञान हुआ करता है। जाग्रत और स्वप्नावस्था की दृष्टि से एक लोक शारीरिक है और दूसरा मानसिक। वही दोनों दो लोक हैं। इनमें से एक लोक है और दूसरा परलोक। जाग्रत अवस्था लोक है और स्वप्नावस्था परलोक है। यह तो आम आदमियों की बुद्धि के अनुसार है, परन्तु खास तौर पर जिन हालतों से ज़िन्दगी गुज़रती है, वह सात लोक हैं। संस्कृत भाषा में वे यह हैं :---

(1) भूर्लोक,
(2) भुवर्लोक,
(3) स्वर्लोक,
(4) महर्लोक,
(5) जनः लोक,
(6) तपः लोक और
(7) सत्य लोक।

भूर्लोक से ले कर सत्यलोक तक जाग्रत हालत की मंजिलें हैं और इनके साथ - साथ मिली हुई हालत में स्वप्न का दायरा भी रहता है और जीवों को इन सात स्थानों के जाग्रत और स्वप्न का ज्ञान होता है। जिस प्रकार जाग्रत के सात दायरे कायम किए गए हैं, उसी प्रकार, स्वप्न के भी सात दायरे कायम किए जा सकते हैं, जो उनके उलट यानि

द्वन्द्व होंगे और इन दोनों का ज्ञान भी हुआ करता है। अब विचार करो कि जाग्रत अवस्था के सात दायरे क्या - 2 हैं ? इनका पता, उन शब्दों पर बार - 2 गौर करने पर ही लगेगा या जिस प्रकार के लोग उनके अन्दर रहते हैं, उनके नाम और निशान पर गौर करने से उनका ज्ञान होगा।

उदाहरणतया :--

(1) भूर्लोक, पृथ्वी (2) भुवर्लोक, यह सूर्यलोक तथा पृथ्वी के बीच का हिस्सा है (3) स्वर्लोक, यह इन्द्रस्थान या इन्द्र के रहने की जगह है यह सूर्य और ध्रुव तारा के मध्य में है (4) महर्लोक, इस लोक में ब्रह्मा के साथ रहने वाले भृगु जी जैसे इन्सान रहते हैं, (5) जनः लोक, यह ब्रह्म का लोक है और यहां के रहने वाले, सनक, सनन्दन, सनातन और सनत्कुमार इत्यादि हैं। (6) तप; लोक, इस लोक में वैरागियों के किस्म के देवता रहते हैं। (7) सत्य लोक, इसे ब्रह्मलोक भी कहते हैं। हिन्दुओं के विश्वास के अनुसार, जो इस लोक में पहुंच गया, वह जन्म मरण से मुक्ति पा जाता है।

हमेशा इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि यह लोक और परलोक कुछ नहीं हैं सिर्फ खास - खास प्रकार की ज्ञान की हालतें हैं और इन्सान इनका वारिस है। यहां तक इस ज्ञान के साथ - साथ उसके द्वन्द्व की हालत मौजूद रहती है उसे तुम परलोक या इनकी सूक्ष्म हालत कह सकते हो।

ज़िन्दगी और मौत दो हालतें हैं। ज़िन्दगी की हालत द्वन्द्व की है जिसमें जाग्रत और स्वप्न दोनों मौजूद होते हैं,

जिन्हें हम लोक और परलोक के नाम से पुकारते हैं। मौत का दायरा इनके ऊपर आता है और वही असल में अद्वैत की जगह है, जहाँ दो पने का भाव पैदा नहीं होता। इसको समझाने के लिए हमको बेकार हा तीसरी हालत की तरफ़ ध्यान देना पड़ता है, जिसे हम सुषुप्ति कहते हैं। यह सुषुप्ति हमारी छोटी मौत है, रोज़ - २ की मौत है क्योंकि हम रोज़ गहरी नींद में जाते हैं। यह हालत शारीरिक दायरे के छोड़ने की हालत से मिलती जुलती है।

ग़ौर से सोचो तो मालूम होगा कि जाग्रत और स्वप्न दोनों ही ज़िन्दगी हैं और सुषुप्ति मौत है, तभी हम इसे छोटी मौत भी कह देते हैं, बड़ी मौत तो शरीर छोड़ने के बाद ही आती है। अब आप ही फ़ैसला करो कि मौत अच्छी चीज़ है या बुरी, अच्छी हालत है या बुरी ? हम तो मौत को अच्छी ही हालत कहते हैं और उसकी अच्छाई का गीत गाते रहते हैं। जो लोग मौत को बुरा मानते हैं, मौत से डरते हैं, मेरे विचार में उन्होंने शायद कभी मौत पर ग़ौर से विचार नहीं किया। जी तो यही चाहता है कि हम इस विषय पर बोलते ही चले जायें और अपने कुछ और विचार आपको ज़ाहिर करें, परन्तु अभी के लिए यह शायद पर्याप्त है। कबीर साहिब कहते हैं :--

जा मरने से जग डरे, मोहे बड़ा आनन्द।
कब मरूं कब पाइहौं, पूरण परमानन्द ।।

❉ ❉ ❉

# गुरु महिमा

## (झावाल होशियारपुर में 30-11-69 को परमसन्त परमदयाल पण्डित फ़कीर चन्द जी महाराज का सत्संग)

# गुरु का रूप

लाई हयात आए, कज़ा ले चली चले ॥
अपनी खुशो न आए, न अपनी खुशी चले ।

दाना पानी या कर्म का चक्कर जीव को फिराता रहता है। इस कर्म के सिलसिले में कुदरत का कोई न कोई उद्देश्य होता है। संसार का जो चक्र चल रहा है, इसमें दो प्रकार के कर्म होते हैं---एक तो भगवान के सन्सार के कर्म और दूसरे हर जीव के अपने कर्म। भगवान का जो कर्म है, उसका कोई प्रयोजन है, कोई उद्देश्य है और हम व्यक्ति जो कर्म करते हैं उनका भी कोई प्रयोजन है। मैं अपने आप से पूछता हूं, "फ़कीर! तू जगह - 2 सत्संग देता फिरता है, इसमें तेरा क्या प्रयोजन है ?"

किसी का सत्संग कराने का उद्देश्य या प्रयोजन होता है कि वह धन कमाए, नाम कमाए, शोहरत पाए, बहुत से

चेले बनाए,बड़े - 2 डेरों का निर्माण करे। मेरा उद्देश्य यह सब नहीं है। बचपन से ही मुझे मालिक को मिलने की तड़प थी। सात वर्षों की आयु से ही मैं मालिक की खोज में लग गया। कई वर्षो की खोज के बाद मेरा भाग्य, मालिक की मौज मुझे 1905 में एक दृश्य द्वारा दाता दयाल महर्षि शिवब्रत लाल जी महाराज के चरणों में ले गई। मैं तो था ईश्वर या परमात्मा का परमभक्त, परन्तु दाता से मुझे राधास्वामी मत, या गुरुमत या सन्तमत, या कबीरमत की शिक्षा मिली। मैं पहले पहल जो सत्संगियों से बातचीत करता था या इस मत के विषय में जो पढ़ता था, मुझे समझ में नहीं आता था। परन्तु मेरा अपने इष्ट दाता दयाल के प्रति अडिग विश्वास था। उनके प्रति अगाध श्रद्धा थी। मैंने उस समय यह प्रण किया था कि इस मार्ग पर चलने के बाद, इसे ठीक - 2 अनुभव करने के बाद जो ज्ञान मुझे प्राप्त होगा, वह मैं दुनियां को असली रूप में बता जाऊंगा। वह मेरी इच्छा या वासना ही, मुझ से कर्म कराए चली जा रही है। अब देखो मौज आगे क्या करती है? मौज ने क्यों मेरे दिमाग़ को फेरा? मैं जानता नहीं। मगर एक बात भली भाँति मेरी समझ में आ गई, वह यह कि जो कुछ मैंने सन्तमत से समझा, मानता हूं कि आम आदमी उसको समझ नहीं सकता फिर भी यदि समझदार वर्ग की बुद्धि में वह बैठ जाय, तो हमारा जो धार्मिक पक्षपात, धार्मिक द्वेष, अथवा हिन्दू, सिक्ख, मुसलमान, ईसाई आदि में जो पारस्परिक भेद है, वह समाप्त हो सकता है। कबीर साहिब कहते हैं :--

चल सतगुरु की हाट, ज्ञान बुद्धि लाइए।
कीजै साहब से हेत, परम पद पाइए।

कबीर जी कहते हैं सतगुरु की हाट पर जाओ। हाट कहते हैं दुकान को बाज़ार को। सतगुरु की दुकान पर क्या सौदा लेना है ? ज्ञान, बुद्धि, समझ, और विवेक। इस समझ और विवेक से तुमको क्या मिलेगा ? सच्चे साहब से प्रेम करने का ढंग। पता चल जाएगा कि सच्चा साहब है क्या। प्रेम का ढंग आ जाने से तुमको धीरे - 2 परम पद मिल जायेगा।

जब तुम किसी दुकान पर सौदा लेते हो, तो तुम्हें उसका मूल्य देना पड़ता है। कोई भी सौदा मुफ्त में नहीं मिलता। सन्तों की दुकान पर जाकर क्या मूल्य देना पड़ता है ? वह मूल्य है सतगुरु की बात को ध्यान से सुनना। जो लोग सत्गुरु के वचन, जो वह सत्संग में कहता है, उनको ध्यानपूर्वक नहीं सुनते, उनको कुछ नहीं मिलता, क्योंकि वह उसका मूल्य नहीं देते। यही बात राधास्वामी मत की वाणी में कही गई है :--

सखी आए सतगुरु आगे,<br>
दरश न पकड़ा वचन न लागे।<br>
कहो इस सत्संग स क्या फल पाया,<br>
वक्त गया और जन्म गंवाया॥

तुम वचन को उस समय पकड़ सकोगे, जब तुम्हारा ध्यान वक्ता की शकल पर होगा। यदि तुम वक्ता की ओर देखोगे ही नहीं, ध्यान दूसरी ओर रखोगे, तो तुम्हें कुछ समझ आ ही नहीं सकती। 'सार वचन' में लिखा है :-

दर्शन करे बचन पुनि सुने।<br>
सुन - 2 कर नित मन म गुने॥

गुन - 2 कढ़ि लेय तिस सारा।
काढ़ि सार, तिस करे अहारा॥

सतगुरु की हाट पर ज्ञान बुद्धि का सौदा करने के बाद मालिक से हेत या प्रेम करने से हो परमपद की प्राप्ति होती है। परमपद वह अवस्था है जहाँ हम बठ कर समस्त दु:खों को, आशाओं को, चिन्ताओं को भूल कर, निज स्वरूप में आप पूर्ण हो कर, सुख शान्ति और आनन्द लेते हैं। गुरु तुम्हें परमपद् के प्राप्त करने का तरीका या भेद बतलाता है रास्ता बतलाता है परन्तु उस रास्ते पर चलना तो तुम्हें स्वयं ही होगा।

मैंने सत्संग का काम आरम्भ क्यों किया? मैं अब भी यह काम क्यों करता चला जा रहा हूं? मैं अपना कर्म भोगता हूं। मैंने इच्छा की थी, वासना की थी कि जो कुछ मैं इस मार्ग पर अनुभव करूंगा सब को बता जाऊंगा। अब अनुभव कर रहा हूं और आपका बता रहा हूं। लगता है यही मेरे जीवन का उद्देश्य है। यही जीवन का लक्ष्य है।

कोई आदमी सहस्‌दल कंवल में अभ्यास करता है, कोई त्रिकुटी में, कोई भँवर गुफ़ा में तो कोई सतलोक में। जो जिस स्थान या श्रेणी पर अभ्यास करता है, वह उस स्थान के पद का मालिक हो जाता है।

मैंने बताया कि सहस्‌दल कंवल या सहस्त्राकार अर्थात् जो हमारा मन अनेक प्रकार के विचार उठाता रहता है, वह भी परमपद नहीं है। त्रिकुटी में त्रिकुटी, बाद में है ध्याता,

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY PURNADAYAL

ध्यान और ध्येय। यह भी परमपद नहीं है। सुन्न और महासुन्न में द्वैत है। अद्वैत मन का है। यह भी परमपद नहीं है। भंवरगुफ़ा में हमारा अपना-२ अकेला आत्मा रहता है। यह बहुत ही ऊंची अवस्था है। मगर यह भी परमपद नहीं है। सहस्त्राकार, ओंकार, ररंकार, सोहंकार और सत्याकार से भी परे परमपद है, जो अकालपुरुष, अनामीपुरुष,परमतत्त्व,सच्चा साहब सब का आधार है। हम या हमारी जो सुरत है, वहां से यहां आई हुई है। जब तक हम सतगुरु से विवेक और ज्ञान प्राप्त करके अपने अन्तर में सहस्त्राकार, ओंकार, ररंकार, सोहंकार और सत्यकार से आगे नहीं जायेंगे, हम परमपद को या सच्चे साहब को प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए सन्तों के मार्ग में गुरुनानक जी ने सच्चे साहब को अकालपुरुष कहा है। कबीर जी ने अनामीपुरुष कहा है। राधास्वामी मत में अनाम कहा है। सच्चा ज्ञान गुरु से जब प्राप्त कर लिया, पर यदि ज्ञान प्राप्त करने के बाद उस पर मनन नहीं किया अथवा उस ज्ञान को जीवन में लागू नहीं किया, तो परमपद बहुत ही दूर है। बाहर के गुरु ने तो तुमको सच्चा ज्ञान, सच्ची बुद्धि, सच्चा विवेक देना है। तुम अपनी बुद्धि के अनुसार जो कुछ भी ज्ञान बाहर के गुरु से प्राप्त किया है उसको अपने जीवन में लागू करो। उसको जीवन में असली रूप दो। यदि उसका प्रयोग नहीं करते तो उस ज्ञान का कुछ भी तो लाभ नहीं होगा।

सतगुरु सब कुछ दीन्ह, देत कछु न रहयो।
हम हो अभागिन नारि, सुख तज दुख लहयो॥

सत्गुरु ने तो सब कुछ दे दिया। जीने का रहस्य बताया कि दुनियां में कैसे जीओ, क्या करो और अपने जीवन को कैसे व्यतीत करो। गुरु ने तो कोई भी कमी नहीं रखी देने में। परन्तु अभागे तो हम स्वयं हैं कि बात को सुना परन्तु समझा नहीं, उस पर अमल नहीं किया।

तुम सब भूल गए हो। तुमने गुरु की महिमा को समझा नहीं। तुमने गुरु को काल मत बनाया हुआ है। तुम उस आदमी को सद्गुरु मानते हो, जिसका रूप तुम्हारे अन्दर प्रगट होता है, या जो तुम्हें दर्शन देता है। मैंने तुम्हें कई बार मिसालें दे दे कर यह सिद्ध कर दिया है कि जो रूप तुम्हारे अन्दर में प्रगट होता है वह तुम्हारे अपने ही मन का रूप होता है, गुरु का नहीं, सद्गुरु का नहीं। सद्गुरु का रूप तो है, ज्ञान, सच्ची बुद्धि, सच्चा विवेक। गुरु गोविन्द सिंह जी की वाणी है :-

आत्म ज्ञान गुरु उपदेशे।

समझ जाओ कि गुरु का रूप है ज्ञान, समझ, विवेक।

## गुरु ब्रह्मा (शिव संकल्प)

जिस प्रकार आजकल के सत्संगी केवल गुरु की देह के साथ ही चिपटे हुए हैं, केवल देह से ही प्रेम करना चाहते हैं, ऐसे ही मैं भी दाता दयाल की देह से प्रेम किया करता

था। जो कुछ वह कहते थे, उसकी ओर मेरा ध्यान कम जाता था, मेरा तो अन्धा प्रेम था, भावुक प्रेम था जो देह तक ही सीमित था। सभी अज्ञानी जीवों के प्रेम की आरम्भ में ऐसी ही दशा होती है। छोटा बच्चा मां को अगाध प्रेम करता है, उसमें यह शक्ति या ज्ञान नहीं होता कि मां जो कहे उसकी समझ में आए। परन्तु बच्चा ज्यों - 2 बड़ा होता जाता है मां को बात उसकी समझ में आने लगती है। कबीर साहब कहते हैं कि सद्गुरु के पास से ज्ञान और बुद्धि प्राप्त होती है। मैं अज्ञानी था, ज्ञान प्राप्त नहीं होता था। दाता दयाल जी से मैं बहुत प्यार करता था। वह मुझे ज्ञान देने के लिए कहा करते थे :--

कहना सुनना सब है निष्फल,
मान बात एक मेरी।
एक बात जो मेरी माने,
सौ - सौ सुनूंगा तेरी ।।
कोटि ग्रन्थ पढ़कर क्या पाया,
गुरुगम ज्ञान न सूझा।
एक सैन से अनुभव जागे,
गुरुमत जिसने बूझा ।।
नहिं वह कर्म धर्म जप तप है।
नहिं वह आंख का ज्ञाना।
नहिं वह संयम नियम है प्यारे,
नहिं वेदान्त का ध्याना ।।
वाद विवाद है दन्त कहानी,
बात का बने बतंगड़ा।

शब्द जाल में जो कोई जकड़ा'
बुद्धि टांग का लंगड़ा ।
कान इधर ला, कह दूँ तुझसे,
कर गुरु का सत्संगा ।
राधास्वामी की कृपा से,
मन नहीं उपजेगी शंका ।।

दाता ने गुरयायी का काम मुझे इसलिए सौंपा कि मैं सत्संगियों को सत्संग देने के द्वारा स्वयं सत्संग के सार को समझूं, जो उस समय मेरी समझ में नहीं आता था। सत्संग कराते - 2 तथा आपकी बातों से कि मैं आपके अन्दर प्रगट होता हूं, जबकि मैं वास्तव में होता नहीं, बात मेरी समझ में आ गई। रहस्य खुल गया कि दुनिया क्या है ? दुनिया काल और माया का खेल है, हमारे अन्तर में जो भी खेल होते रहते हैं, वे भी सब काल और माया का खेल है। अब मैं ऐसा सत्संग कराता हूं कि वास्तव में जो जीव सचमुच सच्चे साहब से हेत करना चाहते हैं उनको सच्चा विवेक दे जाऊं और असली रहस्य बता जाऊं। सतगुरु जो होता है वह निज स्वार्थ के लिए काम नहीं करता। सत्संग कराने का काम जो मेरे दाता ने सौंपा, वह मेरे ही उत्थान के लिए, मेरे ही कल्याण के लिए सौंपा। मैं तो मालिक से मिलने आया था। मुझे सच्चा ज्ञान प्राप्त हो गया, समझ आ गई, मालिक का पता चल गया कि वह कहां रहता है और वह क्या है ? मुझे निज घर का पता चल गया। यह पता चल गया कि लोगों को डूबने से बचाने वाला रोगियों के असाध रोगों को दूर करने वाला कौन होता है ? वह होती है मनुष्य की अपनी

ही आत्मा, अपना ही मन। जिस प्रकार जिसका विश्वास होता है, जिसकी आस होती है, उसी के अनुसार ही उसका जीवन बनता है। मीरा बाई की बात तो आपने सुनी ही होगी। मीरा को अपने गिरधर गोपाल में अगाध विश्वास था। उसके देवर ने उसे मारने के लिए विष का प्याला भेजा और कहलवा भेजा कि वह अमृत का प्याला था। और गिरधर गोपाल का प्रसाद था। मीरा ने उसे गिरधर गोपाल का प्रसाद समझ कर पी लिया और वह विष सचमुच अमृत बन गया।

गृहस्थी लोग यदि हमेशा आशावादी रहें कि मालिक जो करता है अच्छा ही करता है। जो कुछ हुआ अच्छा ही हुआ और जो कुछ होगा अच्छा ही होगा, तो इस विश्वास के आधार पर दुःख भी सुख प्रतीत होने लगता है। इस विश्वास के कारण जो कुछ भी तुम्हारे लिए होगा उसमें तुम्हें सुख ही मिलेगा।

जिस व्यक्ति ने सतपुरुष को जान लिया है, उसका नाम सतगुरु है। उसकी संगत से, उसकी सेवा से तुमको सत्-पुरुष की प्राप्ति अवश्य होगी। सच्ची समझ और सच्चे ज्ञान का प्राप्त करना ही सतपद में जाना है। बिना ज्ञान के मुक्ति नहीं, मोक्ष नहीं। मोक्ष किसे कहते हैं? हमारा मन जब किसी ख्याल में फंस जाता है, उलझ जाता है, तो वह बन्धन कहलाता है, उस ख्याल से मुक्त हो जाने को मुक्ति या मोक्ष कहते हैं। गृहस्थी लोगों को अनेक प्रकार के बन्धन होते हैं। उन बन्धनों से निकलना आसान काम नहीं

होता। सद्गुरु ही हमको सच्चा ज्ञान तथा विवेक दे कर इन बन्धनों से मुक्त कर सकता है। स्वामी जी कहते हैं :--

बंधे तुम गाढ़े बन्धन आन ।।

पहला बन्धन पड़ा देह का, दूसरे त्रिया जान।
तीसर बन्धन पुत्र विचारो, चौथा नाती मान ।।
नाती के भी नाती होवे, फिर कहो कौन ठिकान।
धन सम्पत्ति और हाट हवेली, यह बन्धन करूं क्या बखान ।।
चौलड़, पचलड़, सतलड़ रसरी, बाँध लिया बहु विधि तान।
कैसे छूटन होय तुम्हारा, गहरे खूंटे गढ़े निदान ।।
मरे बिना तुम छूटन नाहीं, जोते जी तुम सुनो न कान।
जगत लाज और कुल मर्यादा, यह बन्धन सब ऊपर ठान ।।
लोक पुरानी कभी न छोड़ो, जो छोड़ो तो जग की हान।
क्या - 2 कहूं विपति मैं तुम्हरी, भटको जोनी भूत मसान ।।
तुम तो जगत सत्य कर पकड़ा, क्यों कर पाओ नाम निशान।
बेड़ी तौक हथकड़ी बांधे, काल कोठरी कष्ट समान ।।
काल दुष्ट तुम बहु विधि बांधा, तुम खुश हो कर रहो गलतान।
ऐसे मूरख सुख दुख जाना, क्या कहूं अजब सुजान ।।
शर्म करो कुछ लज्जा ठानो, नहिं जमपुर का भोगो डान।
राधास्वामी शरण गहो अब, जो कुछ पाओ उनसे दान ।।

चार प्रकार के ज्ञान हैं। एक ज्ञान ब्रह्म है। तुमने

ब्रह्मा की तरह बच्चे पैदा करने हैं। मैं चाहता हूं कि तुम अच्छी सन्तान पैदा करो और उनका गुरु विष्णु की भांति पोषण करो और गुरु महेश्वरा की भाँति दुनिया में रहते हुए भी दुनिया से अलग रहना सीखो, गुरु पारब्रह्म की भांति अपने असली घर, शब्द और प्रकाश में चले जाओ। गुरु की महिमा अपरम्पार है। तुम गुरु की कृपा से परमपद को इसी ही जन्म में पा सकते हो।



फ़कीर लायब्रेरी चैरीटेबल ट्रस्ट सुतैहरी रोड, होशियारपुर को दिया धन आयकर अधिनियम की धारा80-जी के अन्तर्गत,आयकर आयुक्त के पत्र नं. ***JUDL TRUST 13999 dt. 31-12-91***, साल ***30-4-9194*** तक आयकर से मुक्त है।

# सत्संग

# परमसन्त हजूर मानव दयाल जी महाराज

सिकन्राबाद (आन्ध्र प्रदेश) A.O.C. गेट Be Man Temple, दुपहर 6-2-92

जिनको चाह राम की साधो,
राम उन्हें मिल जाते हैं।
रामदास के पास राम हैं,
और नहीं कोई पाते हैं॥
वाद विवाद में राम नहीं है,
राम न पूछा पेखी में।
राम दास ने राम को पाया,
सहज ही देखा देखी में॥
राम नहीं तीरथ में रहते,
राम बरत के साथ नहीं।
राम दास के हाथ राम हैं,
औरों के वह हाथ नहीं॥
बून्द में सिन्धु सिंधु में बूंदें,
बुन्द सिन्धु दोऊ एक हुए।
बून्द सिन्धु का झगड़ा मन में,



RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

उनके लिए अनेक हुए ॥
राधास्वामी सतगुरु आए भेद दिया पूरा पूरा।
जो कोई भेदभाव को मेटे सतगुरु का सेवक सूरा ॥

राधास्वामी---

मेरी आत्मा के स्वरूप सद्गुरु रूप, प्यारे सत्संगी भाईयो और बहनों !

मौज के आधीन इधर आना हो गया। आपने जो मुझसे यहां पर सत्संग देने के लिए आग्रह किया, उसे मैं टाल नहीं सका। एक बार मेरे आने की सूचना हज़ूर आनन्दराव जी महाराज को नहीं मिली और मैं आ गया। आनन्दराव जी महाराज दाता दयाल जी महाराज की आरती कर रहे थे। उन्हें मेरे पीछे खड़े होने का पता नहीं चला। आरती के बाद जब उन्होंने मुझे देखा, तो चौंक गए और तुरन्त मेरे से बग़लगीर होकर कहने लगे, "महाराज! पहली बार मेरे से ग़लती हो गयी, भविष्य में फिर ऐसी ग़लती नहीं होगी।" उनके अन्दर मेरे लिए कितना प्रेम भरा हुआ था। चोला छोड़ने के एक साल पहले जब वह हनमकुण्डा में आए मेरे साथ बहुत प्रेम से बात की। कहने लगे "मेरो सब ग़लतफहमियां दूर हो गईं।" जब वह मेरे सत्संग में बैठते थे, तो आँसू बहाने लगते थे। मैं पहले भी यहां पर कई बार आया। यहां पर आना मुझे अच्छा लगता है। यह दाता दयाल जी महाराज का स्थान है और वह एक सच्चे सन्त थे। इस समय जो दाता दयाल जी महाराज का छोटा सा शब्द पढ़ा गया, उसमें

राधास्वामी मत का सार छुपा हुआ है। परमदयाल जी महाराज ने मुझ से कहा था, "मानव तुम्हें यह बात प्रमाणित करनी है कि स्नातन धर्म और सन्तमत एक है। परमदयाल जी महाराज ने मुझे यह भी बताया "जब मैं पहली बार दातादयाल जी महाराज के पास गया, तो उन्होंने मुझे 'सार वचन किताब पढ़ने को दी। मैं सार वचन पढ़कर रोने लगा। उसमें लिखा हुआ था कि पाराशर नहीं पहुंचे। वेदशास्त्र कुछ नहीं हैं। अब बताओ कौन ब्राह्मण ऐसी बातें सुन सकता है?" मैंने उन्हें कहा, "मैं ब्राह्मण सुन सकता हूं।" मैंने महाराज जी को बताया कि यह शास्त्र जो हैं, यह तो एक ही परमतत्व पर अलग - २ ही बंटा हैं। लेकिन इनके जो संचालक थे, उन्होंने अनुभव के आधार पर परमतत्त्व की व्याख्या की। जैसे न्याय दर्शन के संचालक गौतम ऋषि थे। वह न्याय के द्वारा चिंतन करते-करते मालिक के पास पहुंच गए। सांख्यदर्शन के संचालक कपिल थे, जिन्होंने सांख्य के द्वारा मालिक का दर्शन किया। इस सांख्य को सन्तमत भी मानता है। योग साधना के द्वारा पतंजली ने वही अन्तिम अवस्था बताई, जिसे असम्प्रज्ञान समाधि कहा जाता है। जिसे स्वामी जी महाराज ने 'कुछ नहीं,' 'कुछ नहीं' कहा। इन शास्त्रों के जो रचियता थे, उन्होंने तो अनुभव किया, लेकिन चेलों ने अनुभव तो किया नहीं और आपस में लड़ने लगे। स्वामी जी महाराज ने ठीक ही कहा है :---

खट शास्त्र बुद्धि चलाया।
अन्ध मिल धूल उड़ाया।

गुरुओं ने तो अनुभव के आधार पर कहा, मगर

शिष्यों ने अपनी - २ बुद्धि चला दी और आपस में ही एक दूसरे को गलत बताने लगे। परमदयाल जी महाराज कहने लगे, "शर्मा तू तो कमाल की बात बता रहा है।" आनन्दराव जी महाराज मेरा हाथ पकड़ कर बैठते थे, कुछ बात थी न। जैसे परमदयाल जी महाराज के साथ नन्दू भाई जी महाराज रहते थे, वैसे ही आनन्दराव जी महाराज मेरे साथ रहते ने।

सतपुरुष अपने अनुभवों को बांटने के लिए आता है। वह अपने यह अनुभव अपने डेरे के लिए नहीं, अपने नाम के लिए नहीं, अपने लिए नहीं बांटता, बल्कि वह तो गुरु की आज्ञा का पालन करने के लिए ऐसा करता है। परमदयाल जी महाराज 18 साल तक लगाता मुझे तैयार करते रहे। अन्तिम बार जब वह अमेरिका में मेरे पास आये तो मेरे कमरे में आकर कहने लगे, "शर्मा! मैं तेरे पास आया हूं, मुझे किसी के यहां सत्संग देने की ज़रूरत नहीं है। क्या तेरे पास मेरे लिए दो टुकड़े नहीं हैं। तू मुझे जगह 2 ले जाता है। जब मैं उनको किसी के यहां सत्संग देने के लिए ले जा रहा था। मैं गाड़ी चला रहा था। कहने लगे :---

कितनी दूर तेरी काशी ओ पंडिता।

अब भी मैं जब कभी उस जगह से गुज़रता हूं, तो मेरी आँखों में आंसू आ जाते हैं। परमदयाल जी महाराज ने रात में परसराम जो को कहा, "परसराम! मैं आई. सी. शर्मा के नाम वसियत करके आया हूं। इसमें बड़ा भारी राज़ है। मैं चोला छोड़ने से पहले इसे अपने जैसा बनाकर जाऊंगा।"

दूसरे दिन डा. परसराम जी ने यह बात माता जी को बताई। माता जी ने महाराज जी से कहा, "महाराज जी ! क्या आपने डा. परसराम जी से कहा था कि मैं चोला छोड़ने से पहले इसे अपना जैसा बनाकर जाऊंगा। कहने लगे, "हाँ ! कहा था।" माता जी ने कहा, "महाराज जी ! आप जैसा बनने के लिए इनको कम से कम 20 साल तो अगेंगे ही।" महाराज जी ने कहा, "तू बड़ी चालाक है। मैं इतने साल इस चोले में थोड़े ही समय रहूंगा।" मैंने परमदयाल जी महाराज को कहा, "महाराज जी ! आप मेरे नाम वसियत करके आए हैं कि मेरी जगह आई. सी. शर्मा जी काम करेगा। मैं तो आपका काम कर ही रहा हूं। आपके तो बहुत पुराने पुराने शिष्य होंगे। आप किसी और का नाम वसियत्त में लिख दें, ताकि किसी को दुख न हो क्योंकि मैंने आज तक जान बूझ कर किसी के मन को नहीं दुखाया।" कहने लगे, "नहीं ! यह काम तुम्हें ही करना होगा।" इसके बाद उन्होंने एक वाक्य कहा "जो कुछ मुझे प्राप्त होना था, वह हो गया।"

अगले वर्ष महाराज जी अमेरिका फिर आए। पिट्स्वर्ग हस्पताल में आपरेशन से पहले कहने लगे, "शर्मा ! मेरा आखरी सत्संग रिकार्ड करो।" मैंने टेपरिकार्ड चला दिया। कहने लगे शर्मा ! इस समय जो तुम्हारी हालत है वह बहुत अच्छी है, लेकिन इसके आगे और हालत है। अभी तो तुम सबके अन्दर मालिक को देखते हो। तुम्हारे अन्दर तू है मैं नहीं है। लेकिन इस समय जो हालत मेरी है :--

माला फेरूं न हर भजूं मुख से कहूं न राम।
मेरा राम मुझको भजे तब पाऊं विश्राम।।

यह हालत तेरी जब आयेगी, जब तू सत्संगियों की सेवा का महान कार्य करेगा अर्थात् अपने अनुभवों को सत्संगियों में बांटेगा।" इसलिए मैंने यह काम किया। आज का शब्द दातादयाल जी महाराज का शब्द है :---

जिनको चाह राम की साधो राम उन्हें मिल जाते हैं।
रामदास के पास राम हैं और नहीं कोई पाते हैं।।

सन्तमत पराभक्ति मार्ग है एवं पराप्रेम मार्ग है। राम की चाह का मतलब अपने परमइष्ट सर्वाधार उस मालिके कुल की तलाश में अपने आपको खो देना है, जो हमारा आदि भी है और अन्त भी है। जीव इस जगत् में यह अनुभव करने के लिए आता है कि उसका मालिक स्थूल और सूक्ष्म रूप में कैसे छुपा हुआ है। एक जगह पर दातादयाल जी ने कहा है :---

अदम से जान बेहस्ती तलाशे यार में आये।
हवाये गुल मैं हम इस वादिये पुरख़ार में आये।।

हमारी सुरत जो मालिक का वास्तविक अंश है, इस भौतिक जगत् में अपने प्रीतम की तलाश में आयी। वह अपनी आदि अवस्था में फूल की ख़ुशबू की भांति हल्की और पाक़ थी, किन्तु अपने प्रीतम की तलाश में वह काँटे की इस घाटी में जानबूझ कर दुःखों का अनुभव करने आयी। खेद की बात यह है कि साधारण व्यक्ति अपने इस मक़सद

को भूल जाता है और अपने व्यवहार में दूसरों को मालिक का स्वरूप न समझकर उसे अपना शत्रु मानने लगता है। सद्गुरु हरएक सत्संगी में छुपी हुई राम की चाह को जाग्रत कर देता है।

राम की यह चाह वास्तव में हर जीव के अन्दर, उसे प्रेम के मार्ग पर चलाने के लिए निरन्तर प्रेरित कर रही है। यदि हम अपने सांस की ओर ध्यान दें, तो हमें अनुभव होगा कि हर सांस सोहम - २ कह रहा है। हमारी त्रिकुटी के अन्दर 'ॐ' का शब्द गूंज रहा है। जब यह चाह जाग्रत हो जाती है तो जीव हर क्षण में अपने आपको मालिक के समर्पित कर देता है। उसका हरएक कर्म राधास्वामी के लिए होता है। वह खाता भी राधास्वामी के लिए है और पीता भी राधास्वामी के लिए है। ऐसी अवस्था वाले व्यक्ति को ही रामदास कहा जाता है।

दातादयाल जी के अनुसार केवल राम का प्रेमी ही हर जगह उसका अनुभव करता है। वाद विवाद या तर्क करने वाला व्यक्ति मालिक को नहीं मिल सकता। जो अपने आपको पूरी तरह से ईश्वर के प्रेम में समर्पित कर देता है, उसी को हो साक्षात्कार होता है। अन्त में दातादयाल जी महाराज ने कहा है कि राधास्वामी के रूप में अवतार लेकर सद्गुरु ने यह उद्घोष किया है कि सद्गुरु का सच्चा मतलाशी वह है,जो हर प्रकार के भेदभाव समाप्त कर देता है। मैं सभी सत्संगियों से यह आशा रखता हूं कि वे सभी एक ही सद्गुरु को हर व्यक्ति के अन्दर हाज़िर नाज़िर समझकर उस व्यापक प्रेम का अनुभव करें, जो हर

प्रकार के भेद को समाप्त कर देता है।

मैंने इसी दृष्टि से यह छोटा सा सत्संग दिया है। मुझे खेद से कहना पड़ता है कि लोग दातादयाल जी महाराज और परमदयाल जी महाराज में भेद-भाव उत्पन्न कर रहे हैं। ऐसे व्यक्ति दाता दयाल जी महाराज के मिशन को हानि पहुंचा रहे हैं। दातादयाल जी ने सैंकड़ों शब्दों में उद्घोष किया है कि पंडित फ़कीरचन्द जी महाराज सद्गुरुवक्त और सच्चे फ़कीर हैं। किसी भी सद्गुरु ने अपने शिष्य को इतना ऊंचा नहीं उठाया, जितना दातादयाल जी ने अपने शब्दों में फ़कीरचन्द जी महाराज को दर्जा दिया है। फ़कीर के लक्षण नामक शब्द में दाता दयाल जी महाराज फरमाते हैं :--

तू फ़कीर है मेरे प्यारे सुन फ़कीर की बानी।
साधु कहे फ़कीर को भाई साधु जग सुखदानी।

परमदयाल जी महाराज के फ़कीरतत्त्व की व्याख्या करते हुए इसी शब्द में दातादयाल जी महाराज ने कहा है :--

न मैं राम कृष्ण का सेवक ईश ब्रह्म नहीं जानुं।
मैं तो नाम फ़कीर दिवाना सबसे बढ़कर मानूं।
जो फ़कीर मोहे दर्शन देवे अपना भाग्य नराहूं।
अपने तन के चाम की जूत्ती पग फ़कीर पहराऊं॥

केवल इतना ही नहीं, बल्कि दातादयाल जी महाराज इतने तक कहते हैं :--

यह बोले मैं कैद न छोडूं,
कितना करो उपाओ ॥
मैं फ़कीर हूं देह बन्ध में,
जीवों के हित आया।
सात हज़ार छोड़ दे कैदी,
उपजी मन में दाया ॥
बादशाह ने सब को छोड़ा,
तब वह बाहर आए।
आप छूटे औरन को छुड़ाया,
दया का साज सजाए ॥
यह इतिहासिक कथा पुरानी,
चरित पुनीत सुहावन।
मन रंजन मन चेत बढ़ावन,
मन भावन मन पावन ॥
देह के बंध फ़कीर जो आवे,
बंध निरबंधन सोई।
बंधकर बन्धुवे जीव छुड़ावे,
समझे यह गति कोई ॥
तू तो आया नर देही में,
धर फ़कीर का ऐसा।
दु:खी जीव को अंग लगाकर,
लेजा गुरु के देसा ॥
तीन ताप से जीव दु:खी हैं,
निबल अबल अज्ञानी।
तेरा काम दया का भाई,
नामदान दे दानी ॥
नाम फ़कीरधरा जब तूने,

यह बोले मैं कैद न छोड़ूं,
कितना करो उपाओ ।।
मैं फ़कीर हूं देह बन्ध में,
जीवों के हित आया ।
सात हज़ार छोड़ दे कैदी,
उपजी मन में दाया ।।
बादशाह ने सब को छोड़ा,
तब वह बाहर आए ।
आप छूटे औरन को छुड़ाया,
दया का साज सजाए ।।
यह इतिहासिक कथा पुरानी,
चरित पुनीत सुहावन ।
मन रंजन मन चेत बढ़ावन,
मन भावन मन पावन ।।
देह के बंध फ़कीर जो आवे,
बंध निरबंधन सोई ।
बंधकर बन्धुवे जीव छुड़ावे,
समझे यह गति कोई ।।
तू तो आया नर देही में,
धर फ़कीर का ऐसा ।
दुःखी जीव को अंग लगाकर,
लेजा गुरु के देसा ।।
तीन ताप से जीव दुःखी हैं,
निबल अबल अज्ञानी ।
तेरा काम दया का भाई,
नामदान दे दानी ।।
नाम फ़कीरधरा जब तूने,

काम फ़कीर का कर ले।
गुरु की दया साथ ले अपने,
भक्ति की झोली भरले।
तू इशक से अब के आया,
सत संगत के कारण।
ले प्रसाद यह सत संगत का,
होजा भव निधि तारन ।।

राधास्वामी दया के सागर,
होंगे तेरे सहाई ।
फूक में उतरे सांच फ़कीरा,
सब की करे भलाई ।।

इस शब्द से यह स्पष्ट हो जाता है कि दाता दयाल जी महाराज ने फ़कीरचन्द जी महाराज को जगत् कल्याण की दृष्टि से परमदयाल कहा है।

अनेक शब्दों में उन्होंने फ़कीर की प्रशंसा की है और कहा है :--

'फ़कीरा मैं तेरे दर्शन का प्यासा।'
'है फकीर का नाम प्यारा, मैं फकीर का दासा।
तन मन धन फकीर पर वारूं, बसूं सुसंग सुबासा ।।
कठिन नाम है कठिन काम है, कठिन फकीर कमाई।
जग के भवदुख नासें पल में, जब फकीर जग आई, ।।
जो फकीर मोहिं दर्शन देवे, अपना भाग्य सराहूं।
अपने तन के चाम की जूती, पग फकीर पहनाऊं ।।
मैं नहिं राम कृष्ण का सेवक, ईश ब्रह्म नहिं जानूं।
मैं फकीर का नाम दिवाना, सबसे बढ़कर मानूं ।।

जो फकीर का दर्शन पाऊं, चरन सरोज पखारूं।
आप तरूं फकीर शरनाई, औरों को संग तारूं॥

दातादयाल जी ने चोला छोड़ने से पहले जो अन्तिम शब्द लिखा है उसको यहां पर प्रस्तुत करना भूले भटके लोगों की आंखें खोलने के लिए नितान्त आवश्यक है :---

कौन है शादां यहां शादाँ फ़कत ज़ाने फ़कीर
खुश नहीं हरगिज़ तवंगर मालो ज़र वाले अमीर
तर्क दुनिया तर्क उक़बा तर्क मौला कर दिया
तर्क का भी तर्क है इस तर्क से दिल भर गया।
चश्मेवाहदत भी मिली वाहदत का मंज़र देखकर
कर रहा है रात दिन दुनिया की मंज़िल का सफ़र
क्या है दुनिया ख़्वाब है और ख़्वाबबी ज़ाते फ़कीर
दामेहर सो मालोज़र में वो नहीं हरगिज़ असीर
ख़ाक में दुनियां मिली और ख़ाक ही है वो मदाम
वो खुशी खे सादमां रहउा है हरदम सुबोशाम
आबदो माबूदियत माबूद से आज़ाद है
खुश मुजस्सिम खुश है दिलका एह कावोशाद है
जिसको देखा इस तरह समझो वही सच्चा फ़कीर
दस्ते गीरे दो जहाँ और दो जहाँ का है वो पीर
आया जो कुछ भी समछ में तेरे लिए लिख दिया
तूने फैलाया था दामन आज उसको भर दिया
ज़ात में अपनी हुआ गुरु तुम भी गुरु होना कभी
मंज़िले मक़सूद पर पहुंचोगे सुनलो यह अभी
इसलिए सबसे ज्यादा मुझको तुम पर नाज़ है
नाम रौशन तू करेग़ा ये दिली आवाज़ है।

मैंने यह सब कुछ इसलिए कहा है कि सद्गुरु वक्त को परम्परा स्वामी जी महाराज से चलकर परम दयाल जी महाराज तक सीधी चली आयी है और आगे चल रही है। गुरु और आचार्य अनेक हो सकते हैं, किन्तु सद्गुरु वक्त एक होता है और वह सद्गुरु वक्त प्रेममय ईर्ष्या से रहित और सभी को परमतत्व का अंश और अपना अंश स्वीकार करके चलता है। इन शब्दों के साथ मैं इस सत्संग को समाप्त करता हूं। सबको राधास्वामी।

# मासिक सन्देश

## सत्संग परमसन्त सद्गुरु
## हजूर मानव दयाल
### डा. आई. सी. शर्मा जी महाराज

**मेरी अपनी ही आत्मा के अंश,**
**परमप्रिय सत्संगियो :**
**राधास्वामी, परमदयाल जी सहाई।**

मई महीने की 31 तारीख को साप्ताहिक सत्संग में सत्संगियों की संख्या अधिक इसलिए थी, क्योंकि मैं पूरे एक महीने दौरे पर था। दैनिक सत्संग भी लगातार जून के दौरान प्रभावशाली रहे। मेरा अधिक समय लिखने पढ़ने में व्यतीत हुआ। परमदयाल जी महाराज की संक्षिप्त जीवनी तैयार हो रही है, क्योंकि इसकी बहुत ही मांग है। इसी प्रकार भागवद्गीता का अंग्रेज़ी कविता में भगवद्गीता का सन्तमत की दृष्टि से प्रकाशित होने के लिए तैयार हो चुका है। यह पुस्तक अंग्रेज़ी भाषा पढ़ने वालों के लिए और विशेष कर पश्चिम के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। इसी प्रकार, "सिद्ध सतपुरुष फ़कीर बाबा चमत्कारों से

परे" हिन्दी की पुस्तक का अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद मुकम्मल हो चुका है। आचार्य श्री छविनाथ ओझा ने इस अनुवाद को किया है और उसमें उन्होंने काफी समय लगाया है। इसी प्रकार बहुत से लोगों के बार - 2 कहने पर परमदयाल जी की पुस्तक 'सत्सनातन धर्म' का सन्शोधन करके, उसे जालन्धर में मुद्रित कराया जा रहा है। यह पुस्तक कुछ दिनों में छपकर तैयार हो जायेगी। इस पुस्तक का मूल्य केवल 20 रुपए होगा और डाक का खर्चा अलग होगा। मेरी तो यह इच्छा थी कि यह पुस्तक हरएक जिज्ञासु को नि:शुल्क उपलब्ध होनी चाहिए। फिर भी 20 रुपए, वास्तव में, पुस्तक की लागत से बहुत कम हैं, क्योंकि इसके छपवाने में एक श्रद्धालु सत्संगी श्री विश्वामित्र मराज ने कुछ आर्थिक अनुदान दिया है। भविष्य में कुछ पुस्तकें किश्तों में मानवमन्दिर पत्रिका में भी छपवाई जायेंगी। सत् सनातन धर्म पुस्तक की विश्वभर में मांग है, क्योंकि परमदयाल जी महाराज ने 1968 में उज्जैन में कुम्भ के अवसर पर जो सत्संग दिए थे, उन्हीं के संकलन को उन्होंने स्वयं पुस्तक के रूप में छपवा दिया। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर सिद्ध कर दिया है कि सत् सनातन धर्म और राधास्वामी मत एक है। जो लोग अपने आपको राधास्वामी कहते हैं और सनातन धर्म की सच्चाई को नहीं जानते। वह राधास्वामी मत को कालमत बना रहे हैं।

मानवता मंदिर में सच्चे राधास्वामी मत की शिक्षा दी जाती है और अनुभव के आधार पर सत्संग दिए जाते हैं। स्वामी जी महाराज ने स्वयं कहा है :---

सुरत शब्द दोऊ अनुभव रूपा।
तू तो पड़ा भरम के कूपा।।

इसमें कोई शक नहीं कि स्वामी शिवदयाल जी महाराज परमतत्वाधार दयाल पुरुष के अवतार थे और उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर ही उस राधास्वामी योग एवं सुरत-शब्द योग का उच्चतम अनुभव करके, हरएक व्यक्ति के लिए राधास्वामी अवस्था एवं निजधाम, प्राप्त करने के लिए सहजमार्ग बता दिया। उन्होंने स्वयं राधास्वामी शब्द की व्याख्या की है जिसमें उन्होंने बताया है कि हर मनुष्य के अन्दर राधा रूपी सुरत और स्वामी रूपी शब्द मौजूद हैं। सुरत शब्द योग के द्वारा सद्गुरु के मार्ग-दर्शन में, हर एक व्यक्ति उच्चतम राधास्वामी अनुभव को प्राप्त कर सकता है। इस लिए उन्होंने ऊपर दिए गए पद्य में यह बताया है कि सुरत और शब्द दोनों एक ही अनुभव के पहलू हैं, उनको अलग समझना एक भारी भूल है। जून के महीने के साप्ताहिक सत्संगों में मैंने इसी भेद को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। यही कारण है कि इन सत्संगों में अधिक लोग रूचि ले रहे हैं और उनकी संख्या अधिक से अधिक हो रही है।

परमदयाल जी महाराज कहा करते थे "कि ज्यादातर सत्संगी केवल दुनियावी इच्छाओं की पूर्ति के लिए ही आते हैं और जिस उत्तम शिक्षा को मैं देना चाहता हूं, उसका कोई ग्राहक नहीं है।" इसलिए वह नामदान नहीं देते थे। बात असल में ये है कि राधास्वामी मत में जो मालिक का उच्चतम नाम सुमिरन के लिए दिया जाता है। वह पूर्ण

है, मुकम्मल है और उसमें कोई कमी नहीं है। जिस परम-तत्वाधार से सत्संगी के मन में मिलने की तड़प होती है, वह मालिक सभी रंग रूपों से परे, नाम और अनामी से भी परे ज़ातेपाक शुद्धतत्व है, जिसे स्वामी जी ने अपने शब्दों में "कुछ नहीं" कहा है। जब तक सत्संगी "कुछ नहीं" हालत में नहीं पहुंचता, जब तक उसे बेख़्वाहिशी को ख़्वाहिश नहीं हो जाती, तब तक उसे राधास्वामी हालत का अनुभव नहीं हो सकता। सतगुरु सत्संग में अपने सत्संग की धारा से धीरे - 2 सत्संगी को उसी शुद्ध आशा, तृष्णा रहित अवस्था में पहुंचा देता है। यदि सत्संग देने वाले व्यक्ति को स्वयं उसका अनुभव नहीं होगा, यदि वह स्वयं आशा, तृष्णा रहित नहीं होगा, तो वह खुद भी डूबेगा और सत्संगियों को भी डुबो देगा।

जून के महीने का मासिक सत्संग 21 तारीख को हुआ और हमेशा की भाँति सैंकड़ों सत्संगी दूर - 2 से शनिवार 20 जून को सायंकाल तक पहुंच गए। इसलिए शनिवार के रात्रि के सत्संग में न ही केवल बहुत अधिक संख्या ही थी, बल्कि सभी सत्संगियो ने सत्संग इतने गहरे ध्यान से सुना कि कई लोगों की समाधि लग गई और सत्संग के अन्त में उन्होंने ऐसा महसूस लिया, मानो कि वे आनन्द के अथाह सागर से डुबकी लगाकर आए हैं। हर मासिक सत्संग से पूर्व हर महीने रात्रि का सत्संग हुआ करता है। उस समय तक बाहर से आने वाले सत्संगी बहुत बड़ी संख्या में मानवता मन्दिर में पहुंच जाते हैं। इन पहुंचने वालों में से विशेषकर बटाला के सत्संगियों, अभोर के सत्संगियों और लालरु के सत्संगियों, दुराहा और लुधियाना के सत्संगियों

के नाम उल्लेखनीय हैं। मैं उनकी सराहना किसी अपनी स्वार्थपूर्ण एषणां के लिए नहीं कर रहा, बल्कि इसलिए कर रहा हूं कि रात्रि के सत्संग के दौरान में यह बहुत प्रसन्न मुद्रा में और मस्ती में दिखाई देते हैं। उनकी यह मस्ती और श्रद्धा दूसरे सत्संगियों पर भी प्रभाव डालती है। दुलहर के श्री भगतराम और लुधियाना के श्री मुकुन्दसिंह इस दृष्टि से बहुत ही अधिक प्रभावित होते हैं। दूसरे दिन मासिक सत्संग बड़े सत्संग हाल में हुआ और सत्संग आरम्भ होने से पहले न ही केवल सत्संग भवन में, बल्कि उससे बाहर भी लोग सत्संग के लिए बैठे थे।

मासिक सत्संग मानो सारे महीने के दैनिक और साप्ताहिक सत्संगों का केवल सारांश ही नहीं होता, बल्कि वह एक ऐसा निराला सहज भक्ति भाव के वातावरण को उत्पन्न करने वाला होता है, जिसमें सभी लोगों को लाभ होता है। मेरे लिए भी मासिक सत्संग एक विशेष महत्त्व रखता है। इस सत्संग पर पहले स्वामी जी महाराज का, उस महीने से सम्बन्धित शब्द पढ़ा जाता है, जिसमें मासिक सत्संग हो रहा होता है। स्वामी जी महाराज ने हर महीने के वातावरण को एक पैनी दृष्टि से देखा है और उस वातावरण से जीव को कौन सी प्रेरणा लेकर सुरत शब्द योग का अभ्यास करना चाहिए, ऐसी युक्ति बताई है। मिसाल के तौर पर ज्येष्ठ का महीना बहुत गर्म होता है। स्वामी जी महाराज ने इस गर्मी को जीव के अन्दर उस 'तपनकरारी' की उपमा दी है, जो उसे संसार के दुःखों से मुक्त होने और सद्गुरु से अगाध प्रेम करने की प्रेरणा देती है मेरा सत्संग हर बार नया होता है, हालांकि स्वामी जी का शब्द पुराना

होता है। स्वामी जी का शब्द या उनकी कविता आम कविता नहीं होती, बल्कि वह ऐसे सत्य का विवेचन करती है, जो वेद मन्त्रों उपनिषदों और भगवद्गीता के श्लोकों की भांति हर बार पढ़ने पर नई प्रेरणा देते हैं। सद्गुरुओं और सत्पुरुषों के वचन इसलिए अटल कहे जाते हैं, कि उनमें जो सच्चाई होती है, वह ज़माने के परिवर्तनों के बावजूद भी शाश्वत रहती है। ऐसी वाणी और ऐसी अगम की धारा को आप्तवचन कहा जाता है।

यही कारण है कि सत्पुरुषों की वाणी को आम आदमी नहीं समझ सकता। उसको समझाने के लिए और उसमें निहित सत्य को जीवन पर लागू करने के लिए एक सत्पुरुष की आवश्यकता रहती है। इसलिए राधास्वामी मत में सद्गुरु सत्संग और सत्नाम की त्रिवेणी में सद्गुरु को पहला सोपान माना गया है। जब कबीर साहिब यह कहते हैं कि सद्गुरु की हाट से ज्ञान बुद्धि लानी चाहिए, उनका मतलब यह नहीं होता कि वह बुद्धि सत्संगी की अपनी बुद्धि होती है। वास्तव में, इसका अर्थ यह है कि सद्गुरु की टिकी हुई बुद्धि अर्थात् स्थित प्रज्ञा होती है, जो जीव को उभार देती है। इस भेद को स्पष्ट करते हुए कबीर साहिब ने कहा है :--

"उतते सद्गुरु आइया, जाकी बुद्धि मति धीर
भवसागर के जीव को खेह लगावे तीर"

इसी टिकी हुई बुद्धि को सनातन धर्म में प्रज्ञा पुराणी कहा गया है। लोग पुराणों को कहानियाँ समझते हैं, किन्तु वास्तव में, पुराणों में पराभक्ति और

पराप्रेम का मार्ग बताया गया है। पुराणों में भी वही ज्ञान है, जो सन्तों ने अपनी वाणी में बताया है। गरुड़ पुराण में केवल गुरु की महिमा बतायी गयी है। श्रीमद्भागवत पुराण परमतत्वाधार, मालिकेकुल की विस्तारपूर्वक व्याख्या करता है और उसी पराभक्ति का आदेश देता है, जिसे राधास्वामी मत में सबसे न्यारी भक्ति कहा गया है। राधास्वामी मत किसी मत का खण्डन नहीं करता, क्योंकि वह सनातन धर्म के विकास में सहज भक्ति और सहज प्रेम की अन्तिम पीढ़ी है। इसलिए मेरे मासिक सत्संगों में हर बार नई प्रेरणा और नई दिशा का निरूपण होता है।

5 जुलाई को श्री नारायनदास जी के भानजे फ़कीर प्रसाद के विवाह पर,उसी के घर पर एक विशाल सार्वजनिक सत्संग हुआ, जिसमें बहुत से सत्संगी बाहर से भी आए। बाहर से आने वालों में श्रीमती रुकमिणी गोहिल राजपिपला की महारानी, उनकी विवाहित सुपुत्री मिनाक्षी तथा जम्मू के एक राजपरिवार से सम्बन्धित दामाद भी सम्मिलित हुए। इस सत्संग में होशियारपुर के नये डिप्टी कमिश्नर ***Shri T. C. Gupta*** तथा उनकी पत्नी भी सम्मिलित हुई। उन्होंने बहुत श्रद्धा से सत्संग सुना और बहुत प्रभावित हुए। डिप्टी कमिश्नर तो बहुत आया करते हैं, किन्तु यह एक प्रसन्नता की बात है कि श्री और श्रीमती गुप्ता भक्ति भाव से ओत-प्रोत हैं। सत्संग के बाद भंडारा हुआ। उसी रात को मूसलाधार वर्षा हुई और प्रातःकाल तक चलती रही। मैं 6 जुलाई को प्रातःकाल अपने कमरे में घूम रहा था और हमारा कमरा पानी से भरा हुआ था। मेरी अपनी ही लापरवाही से या किसी दैवी कारण से मेरा पांव फिसला और मैं बहुत ज़ोर से पक्के फ़र्श पर पीठ के बल

गिरा। उसी समय रामकृष्ण टेढा हकीम के सुपुत्र डा.विकास सूद मेरे पास थे। जब वह मुझे उठाने के लिए आगे बढ़े, तो वह भी फिसल गए। मेरी चोट गहरी थी। मैंने उसी समय डा. के परामर्श से दर्द की गोलियां खायीं। सौभाग्य-वश उसी दिन मेरे प्यारे डा. चन्द्र नगेश नेगी मेरे पास पहुंच गए। वह 24 घण्टे मेरी देखरेख करते रहे और दवा-इयां देते रहे। उन्होंने मेरी पीठ पर पुलास्टिक पलस्तर भी लगाया, जिससे मुझे काफी लाभ हुआ।

मैंने यह समझा कि दो चार दिन में चोट ठीक हो जायेगी। मुझे 8 जुलाई को परमदयाल जी महाराज के अमेरिका से आए हुए पोते श्री विक्रम जंग के विवाह पर जाना था। विवाह की तिथि 10 जुलाई थी। निमन्त्रण-पत्रों में यही लिखा था कि मैं ही उस विवाह को सम्पन्न करूंगा और किसी पुरोहित आदि की उपस्थिति नहीं होगी। इस जिम्मेवारी को महसूस करते हुए मैं 8 जुलाई को शाने पंजाब द्वारा देहली पहुंचा। इसमें कोई शक नहीं कि दवाई खाने के बावजूद भी दर्द होता था और मैं बिस्तर से उठ भी नहीं सकता था, लेकिन इस हालत में मुझे मौज मालिक की मस्ती अवश्य मिली। 10 जुलाई को तालकटोरा स्विमिंगपूल के शानदार भवन में विवाह सम्पन्न होना था। उससे पहले मुझे श्रद्धालु श्री धर्मेन्द्र गुप्ता तथा श्रीमती इन्द्रा गुप्ता की सुपुत्री वन्दना के विवाह पर बसन्तविहार भी जाना था। बसन्त विहार में वन्दना था उसके होने वाले पति को आशीर्वाद देकर 1 बजे से पहले मैं तालकटोरा भवन में पहुंच गया।

थोड़ी ही देर में विक्रम की बारात वहाँ पहुंची। लड़की

वाले सभी सम्बन्धी और अतिथि पहले ही मौजूद थे। उन्होंने मेरा बहुत आदर और स्वागत किया। मेरे साथ भाग्य माता जी, आचार्य शब्दानन्द, आचार्य के. पी. वर्मा, श्री पवन शर्मा और श्री भगवान व्यास थे। विक्रम के ससुराल वालों ने बड़ी श्रद्धा से और आदर से सभी को विशाल भवन में बैठाया। तालकटोरा भवन बहुत ही सुन्दर और विशाल है और खूब सजा हुआ है। किस्म - किस्म की बत्तियां और ट्यूब लाइट भवन की शोभा को बढ़ा रही थीं। श्री विक्रम उनके पिता पदमजंग, उनकी माता श्रीमती सरला जंग अमेरिका से आई हुई विक्रम की बहिन श्रीमती रानी तथा उनके पति जिम्मी, विक्रम की छोटी बहन डा. अगम तथा उसके मंगेतर डा. सुरेश अति सुन्दर लिबासों में शोभायमान हो रहे थे। इसी प्रकार, श्रीमती सरला के परिवार वाले, उनके भाई, उनके जीजा जी श्री ज्ञान शर्मा, उनकी पत्नी श्रीमती ललिता शर्मा तथा उनका सारा परिवार बहुत प्रसन्न मुद्रा में और अच्छी - 2 पोशाकों में विवाहोत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। इतनी देर में दिल्ली के अतिथि भी पहुंच गये, जिनमें से कु. डा. गिरजा व्यास उपमन्त्री सूचना तथा प्रसारण विभाग, श्री कमल चौधरी एम.पी. की पत्नी श्रीमती सुधा चौधरी के इलावा श्रीमती मोहिनी सिंह और मानवता मन्दिर के अध्यक्ष श्री एम. सी. परदेसी भी बड़े उत्साह और उल्लास से इस शुभ विवाह में सम्मिलित हुए। सभी लोग मेरे से विशेषकर आकर मिले। कुछ अल्पाहार के बाद मेरे साथ सभी बाराती और वरवधु का परिवार और अतिथि मंडप की ओर चले। मंडप बहुत सुन्दर बना हुआ था और यज्ञ की वेदी सनातन विधि से बनायी गयी थी।

क्योंकि मुझे ही दोनों वर और वरवधु की ओर से

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

पुरोहित का काम करना था, इसलिए मैने विधिपूर्वक यज्ञ कराया और सप्तपदी करायी। सभी लोग बहुत प्रसन्न थे और मन ही मन में मेरी सराहना कर रहे थे। सनातन विधि से मैंने पाणिग्रहण कराया, जयमाला पहनवाई, सप्तपदी कराई। यह सारा काम केवल 40 मिनट में समाप्त हुआ। सभी ने विक्रम और विक्रम के परिवार को वधू पूनम शर्मा के परिवार को बधाई दी और हम सब लोग फिर उसी भवन के उस भाग में आ गए, जहाँ पर मेजों पर भोजन लगा हुआ था। सभी ने स्वयं ही प्लेटों में भोजन लेकर कुर्सियों पर बैठकर, चलते फिरते अत्यन्त स्वादिष्ट व्यंजनों का आहार भी करते रहे और बातें भी करते रहे। मैं एक विशेष कुर्सी पर इसलिए बैठा था ताकि मेरी पीठ का दर्द अधिक न हो। मेरे लिए श्रीमती सरला जंग स्वयं भोजन परोस कर लायीं। श्री पदम जंग तथा सभी सत्संगी मेरे चारों तरफ खड़े हुए थे। श्री पदमजंग ने आप मुझे सम्बोधित करते हुए कहा, "महाराज! आप इस कष्ट में और बीमारी में विक्रम के विवाह पर लम्बी यात्रा करके आए हैं। हम इस एहसान का बदला कभी भी नहीं चुका सकते। किन्तु मैं यहां पर अपने पिता श्री परमदयाल जी महाराज की एक घटना के विषय में सुनाना चाहता हूं, जिससे यह प्रमाणित होता है कि आप वास्तव में वही फ़कीर बाबा हैं, जिन्होंने आपको अपना उत्तराधिकारी बनाया है। 1973 में मेरे पिताश्री होशियारपुर में मानवता मन्दिर में बहुत बीमार हो गये थे। उनको बोलने की इजाजत भी नहीं थी। वह श्री नारायनदास के कमरे में लेटे हुए थे। मैं और सरला उस अवसर पर भिलाई से आए थे, क्योंकि परमदयाल जी ने हमें कहा था कि वह

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

वाखी के पश्चात हमारे पास भिजाई आयेंगे । जब हम उन्हें श्री नारायनदास जी के कमरे में मिलने गये, तो उन्होंने कहा "पदम दी ग्रेट ! देखो ! मैं बहुत बीमार हूं। मानवता मन्दिर में भी सत्संग नहीं दे सकता । मैं तुम्हारे पास नहीं आ सकूंगा । क्या पता मैं जिन्दा भी रहूं कि न रहूं ।" मैंने तुरन्त उनसे प्रार्थना की कि "पिता जी ! आप यह क्या कह रहे हैं। आप तो कई वर्षो तक हमारे पास आते रहेंगे । आप विक्रम के विवाह पर भी आयेंगे और बाद में भी।" यह सुनकर पिता जो चुप हो गए।" मानवदयाल जी महाराज आप वो ही तो हैं और विक्रम की शादी पर इसलिए बीमारी की अवस्था में आए हैं और आपने अपना परमदयाल जी के चोले वाला वचन निभाया है।" यह सुनकर मेरी आंखों में खुशी के आँसू आ गए, क्योंकि श्री पदमजंग ने अगाध प्रेम से प्रेरित हो कर यह घटना सुनायी थी। श्री पदम जी की श्रद्धा का भी पारावार नहीं।

दूसरे दिन प्रातःकाल हम शाने पंजाब से दिल्ली से रवाना होकर साढ़े बारह बजे दुपहर को जालन्धर पहुंच गए। दर्द की दवाई खाने के कारण मुझे कुछ आराम महसूस हुआ, इसलिए जालन्धर में एक दो सत्संगियों के घर भी गया और सायंकाल, पाँच बजे के करीब मानवता मन्दिर पहुंचा। क्योंकि चौदह जुलाई को गुरु पूर्णिमा का उत्सव था, इसलिए भारत के कोने २ से सत्संगी बहुत अधिक संख्या में 11 जुलाई से ही मानवता मंदिर में आना शुरू हो गए थे। 13 जुलाई को मानवता मन्दिर के सारे कमरे भर गए, इसलिए उसी रात को भी सत्संग हुआ, जिसमें सत्संगियों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति से लाभ प्राप्त किया।

दूसरे दिन प्रात:काल मैं 5 बजे से ही समाधि ध्यान और स्नान से फारिग होकर तैयार हो गया। कुछ सत्संगी प्रात:काल से ही गुरु पूजा के लिए मेरे निवासस्थान पर आ गए थे। उनसे फारिग होकर मैं 6 बजे से ही सत्संग भवन में पहुंच गया और समाधि में बैठा। सत्संगियों की संख्या बहुत थी, फिर भी वे अनुशासन में रहे। पहले मैंने परमदयाल जी महाराज की आरती उतारी और उसके बाद सत्संगियों ने गुरु पूजा की। आदमपुर के जवाहरजीत सिंह ने गुरु पूर्णिमा के सारे उत्सव की वीडियो फिल्म ली, जो आपको किसी अवसर पर दिखाई जाएगी। गुरु पूर्णिमा का सत्संग केवल मैंने ही दिया, बाकी सभी आचार्य बड़े ध्यान से सत्संग सुनते रहे और मस्ती का अनुभव करते रहे। इस गुरुपूर्णिमा का सत्संग कबीर साहिब के नीचे दिए गए शब्द पर था :--

भाई कोई सतगुरु सन्त कहावे,
नैनन अलख लखावै।
डोलत डिगै न बोलत बिसरे,
जब उपदेस दृढ़ावै।
प्रान-पूज्य किरिया ते न्यारा,
सहज समाधि सिखावै ॥ 1 ॥
द्वार न रूंधे पवन न रोकै,
नहिं अनहद अरुझावै।
यह मन जाय जहाँ लग जब ही,
परमातम् दरसावै ॥ 2 ॥
करम करै निःकरम रहै जो,
ऐसी जुगत लखावै।

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

सदा विलास त्रास नहिं मन में,
भोग में जोग जगावै ॥ 3 ॥

धरती त्यागि अकासहुं त्यागै,
अधर मड़इया छावै।
